प्रथम अपील अधिकारी, सूचना का अधिकार अधिनियम
एवं जिला कलक्टर उदयपुर
निर्णय द्वारा अध्यासित गौरव अग्रवाल आई.ए.एस.

प्रकरण संख्याः 94 / **2026** (अपील सूचना का अधिकार)

विजय कुमार मेघवाल पताः 1008, ज्ञान नगर, हिरण मगरी, सेक्टर–04, उदयपुर

..............**अपीलार्थी**

बनाम

सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मावली, उदयपुर

...................**प्रत्यर्थी**

प्रथम अपील अन्तर्गत सूचना का अधिकार अधिनियम 2005

निर्णय

दिनांकः 21/05/2026

प्रकरण में संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अपीलार्थी द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत एक अपील प्रस्तुत कर निवेदन किया कि एक प्रार्थना पत्र दिनांक 30.01.2026 को प्रत्यर्थी के कार्यालय में प्रस्तुत कर राजस्व ग्राम गुडली तहसील मावली की भूमि खसरा संख्या 695, कंकु पत्नी कजोड़ मेघवाल के नाम दर्ज नामांतरकरण के संबंध में सूचना चाही गई। प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को उपलब्ध करायी गई सूचना से असंतुष्ट होने यह अपील प्रस्तुत की गई है।

अपील अपीलार्थी दर्ज रजिस्टर की जाकर प्रत्यर्थी से अपील पर जवाब तथा सूचना उपलब्ध कराने हेतु कार्यालय के पत्रांक रीडर/सू.अ.2005/प्रथम अपील/94/26/ 565–66 दिनांक 24.04.2026 से लिखा गया। परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा कोई प्रत्युत्तर अथवा सूचना आदिनांक तक इस कार्यालय में प्रस्तुत नहीं की गई हैं।

अपीलार्थी द्वारा उपस्थित होकर निवेदन किया गया कि प्रत्यर्थी के कार्यालय से राजस्व ग्राम गुड़ली के आराजी संख्या 695 के संबंध में नामांतरकरण के संबंध में सूचना चाही गई थी परन्तु प्रत्यर्थी द्वारा आराजी संख्या 695 के संबध में उपलब्ध नहीं करवाई जाकर किसी आराजी संख्या 949 की सूचना प्रेषित की गई है। अतः निवेदन है कि चाही गई सूचना उपलब्ध करवाये जाने हेतु आदेश प्रदान कराये जावे।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। प्रकरण में प्रत्यर्थी द्वारा अपीलार्थी को चाही गई सूचना उपलब्ध नहीं करवाया जाकर आराजी संख्या 949 से संबंधित सूचना प्रेषित की गई है। अतः अपील अपीलार्थी स्वीकार की जाकर सहायक लोक सूचना अधिकारी एवं तहसीलदार मावली को आदेशित किया जाता है कि अपीलार्थी द्वारा चाही जा रही सूचना नियमानुसार निशुल्क 15 दिवस में उपलब्ध करावें तथा की गई कार्यवाही से से इस कार्यालय को अवगत करावे। साथ ही प्रत्यर्थी को हिदायत दी जाती है कि भविष्य में नियत समयावधि में वांछित सूचनाएं नियमानुसार उपलब्ध करावे एवं अपील में भी नियत समयावधि में प्रत्युत्तर प्रस्तुत करे।

निर्णय की प्रति उभयपक्ष को प्रेषित की जावे। पत्रावली फैसल शुमार होकर बाद कार्यवाही दाखिल दफ्तर हो।

(गौरव अग्रवाल)
प्रथम अपील अधिकारी,
सूचना का अधिकार अधि. एवं
जिला कलक्टर, उदयपुर

RajKaj Ref No.:
22356963
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation : Collector & District Magistrate
Date: 2026.05.21 12:38:03 IST
Reason: Approved